सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 11 अंक : 107 | इंदौर, शनिवार 01 नवंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

---- ॥ श्रीहरि ॥ ----

देवप्रबोधिनी एकादशी
पुण्य स्मरण
पिताजी महाप्रयाण दिवस



पं. रमेशचंद्र घनश्यामोपाध्याय
(मनासा वाला)

*कभी हिम्मत ना हारने वाले, कर्मपथ के अविराम पथिक का निर्वाण दिवस सदैव प्रेरणा स्त्रोत*

ज्ञान-कर्मठता-आध्यात्मिकता के साथ साथ भाषा-भाव और चरैवेति-चरैवेति के जुझारुपन, कर्तव्यपरायणता का संगम सदैव ही मेरे लिए प्रेरणादायक रहेगा प्रणाम। भावपुष्प समर्पयामि।

Upadhyay Family

---- ॥ श्रीहरि ॥ ----

## ●70 वें स्थापना दिवस की प्रदेशवासियों को दी बधाई, सीएम बोले-

# देश के मानचित्र पर एमपी की विशिष्ट पहचान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को मध्य प्रदेश के 70 वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। इस ऐतिहासिक अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश अब 70 साल का हो गया है। अपनी गौरवशाली विकास यात्रा का 70वां स्थापना दिवस मना रहा है। उन्होंने कहा कि 1 नवंबर 1956 को गठित यह राज्य न केवल भारत के हृदय में स्थित है, बल्कि देश के विकास मानचित्र पर भी अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश की यह 70 वर्षीय यात्रा समर्पण, संकल्प और सतत विकास की सुखद यात्रा रही है। यह दिन हमें हमारे पूर्वजों की मेहनत, उनके जज्बे, जनभागीदारी से विकास और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनकी एवं हम सभी की आस्था और निष्ठा की याद दिलाता है।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बीते सात दशकों में मध्य प्रदेश ने हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। हमारा मध्य प्रदेश आज देश का फूड बॉस्केट कहलाता है, जहां अन्न उत्पादन में



आत्मनिर्भरता के साथ ही किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में अनेक योजनाएं सफलतापूर्वक लागू की गई हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश का यह 70वां स्थापना दिवस एक अवसर है अतीत की उपलब्धियों को स्मरण करने और भविष्य के स्वर्णिम लक्ष्य तय करने का। हम सब एकजुट होकर विकसित, आत्मनिर्भर और सशक्त मध्य प्रदेश के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

# इंदौर में हवाई रेस्टोरेंट को नहीं मिली अनुमति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर में बायपास पर फीनिक्स सिटाडेल के पास झालरिया में हवा में रेस्टोरेंट, यानी 'एयर डाइन' शुरू करने की योजना थी। यह रेस्टोरेंट 1 नवंबर से शुरू होने वाला था, लेकिन नगर निगम ने इसे खोलने की अनुमति नहीं दी है। कंपनी ने लाइसेंस के लिए आवेदन किया था, जिसे निरस्त कर दिया है।

इंदौर में यह रेस्टोरेंट बायपास पर जमीन से 160 फीट ऊपर खोला जाना है। इसके लिए पिछले कुछ समय से इंस्टाग्राम पर रील वायरल हो रही है। इस रील में बताया जा रहा है कि जमीन से इतनी ऊँचाई पर रेस्टोरेंट में बैठकर भोजन करने का आनंद ही अलग है। इस रील में इतनी ऊंचाई पर बैठने के लिए किए गए सुरक्षा के प्रबंध की भी जानकारी दी जा रही है। सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने वाले लोगों को इस रील के माध्यम से यह रेस्टोरेंट खोले जाने के बारे में जानकारी मिल गई थी।

### पहले जिला प्रशासन की अनुमति जरूरी

अब गुरुवार को इंदौर नगर निगम में इस रेस्टोरेंट के लिए लाइसेंस जारी करने का आवेदन प्रस्तुत हुआ। आवेदन प्रस्तुत करने वालों ने कहा है कि यह रेस्टोरेंट हवा में चलेगा। इस पर नगर निगम के अधिकारियों ने विचार किया और इसे खारिज कर दिया गया। अधिकारियों द्वारा कहा गया कि पानी के अंदर और हवा में होने वाली गतिविधि के लिए जिला प्रशासन की अनुमति भी आवश्यक होती है। आप पहले जिला प्रशासन से अनुमति लेकर आइए, उसके बाद में हमसे लाइसेंस की अपेक्षा कीजिए।

### क्या है फ्लाई डाइनिंग?

यह पूरा डाइनिंग प्लेटफॉर्म क्रेन की मदद से ऊपर उठाया जाता है। चारों ओर से खुला होने के कारण शहर के प्राकृतिक नजारे दिखाई देते हैं। मेहमानों को गर्म खाना परोसा जाता है, साथ ही लाइव म्यूजिक के साथ वे फोटोग्राफी का आनंद ले सकते हैं।

# 20 नवंबर से इंदौर को मिलेगी पीएम श्री हेलिकॉप्टर सेवा

## ● सीएम मोहन यादव आज करेंगे शुभारंभ



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मध्यप्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर पीएमश्री पर्यटन हेलिकॉप्टर सेवा की शुरुआत की जा रही है। इसकी पहली उड़ान भोपाल से उज्जैन के बीच होगी, जिसका शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। 20 नवंबर से यह सेवा इंदौर, मांडव, ओंकारेश्वर और भोपाल के बीच भी उपलब्ध रहेगी।

नवंबर माह से ही श्रद्धालु और पर्यटक इस हेलिकॉप्टर सेवा का लाभ उठा सकेंगे। राजा भोज एयरपोर्ट से होने वाले इस शुभारंभ कार्यक्रम में केंद्रीय नागर विमानन मंत्री, केंद्रीय विधि और न्याय राज्यमंत्री, पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास मंत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

तीन सेक्टरों में चलेगी हेलिकॉप्टर सेवा

प्रदेश सरकार ने पीएमश्री पर्यटन हेलिकॉप्टर सेवा के संचालन के लिए सेक्टरवार अनुबंध किए हैं। सेक्टर-1 में इंदौर, उज्जैन और ओंकारेश्वर, सेक्टर-2 में भोपाल, मढ़ई और पचमढ़ी, जबकि सेक्टर-3 में जबलपुर, बांधवगढ़ और कान्हा शामिल किए गए हैं।

सेक्टर-1 के लिए मेसर्स ट्रांस भारत एविएशन और सेक्टर-2 व सेक्टर-3 के लिए मेसर्स जेट सर्व एविएशन प्रा. लि. के साथ तीन वर्ष का एग्रीमेंट किया गया है। प्रत्येक सेक्टर में कम से कम छह यात्री सीटों वाले हेलिकॉप्टर उड़ान भरेंगे। यह परियोजना मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल पर शुरू की गई है।

हेलिकॉप्टर सेवा का नियमित संचालन 20 नवंबर से प्रारंभ होगा। स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस सेवा का शुभारंभ करेंगे।

# सड़क बनने से पहले ही खोदना शुरू

## महापौर ने अफसरों को लगाई फटकार, बोले-निर्माण एजेंसी को ब्लैकलिस्ट करें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। तीन इमली क्षेत्र में सड़क का निर्माण पूरा भी नहीं हुआ और खुदाई शुरू हो गई। एक राहगीर ने गुरुवार रात इसका वीडियो महापौर पुष्यमित्र भार्गव को भेज दिया। शुक्रवार सुबह भार्गव अचानक मौके पर पहुंच गए और नगर निगम के अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि सड़क को स्टॉर्म वाटर लाइन के लिए खोदा जा रहा है।**

सड़क खोदे जाने का वीडियो सामने आने के बाद महापौर ने किसी अधिकारी को भनक नहीं लगने दी और सुबह मौके पर पहुंच गए। उन्होंने देखा कि सड़क का आधा काम ही हुआ था और उसी पर फिर से खुदाई चल रही थी। उन्होंने तुरंत अपर आयुक्त अभय



राजन, जोनल अधिकारी अतीक खान, पार्षद राजेंद्र राठौड़, निर्माण एजेंसी और कंसलटेंट एजेंसी एसएनएस के प्रतिनिधियों को बुलाया।

निरीक्षण के दौरान जब महापौर ने अधिकारियों से पूछा कि अधूरी सड़क की खुदाई क्यों की जा रही है, तो जवाब मिला कि स्टॉर्म वाटर लाइन डाली जा रही है। इस पर महापौर भड़क गए और कहा- पहले पता नहीं था कि लाइन डालनी है? सड़क बनने के बाद खुदाई कौन-सी समझदारी है? आप लोग ऐसा काम करते हैं जिससे जनता परेशान होती है। यह सीधी लापरवाही है। निगम को नुकसान और जनता को असुविधा दोनों की जिम्मेदारी तय होगी।

उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण एजेंसी को ब्लैकलिस्ट किया जाए, कॉन्ट्रैक्ट टर्मिनेट कर पेनल्टी लगाई जाए, साथ ही हुए नुकसान की भरपाई कंसलटेंट एजेंसी से वसूली जाए। महापौर ने अधिकारियों से यह भी पूछा कि क्या हाल में इस इलाके में जलजमाव की कोई शिकायत आई थी, जिसके बाद लाइन डालने की जरूरत पड़ी हो? लेकिन अधिकारी जवाब नहीं दे सके। महापौर ने मौके पर ही चेतावनी दी कि इस तरह की लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### अवैध मदिरा परिवहन पर आबकारी दस्ते की बड़ी कार्रवाई

# अवैध शराब तस्करों पर कसा शिकंजा

## पांच वाहनों सहित लगभग 3.70 लाख रुपए की सामग्री बरामद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कलेक्टर शिवम वर्मा के आदेश और सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी के प्रभावी मार्गदर्शन में इंदौर आबकारी विभाग ने अवैध मदिरा के निर्माण, भंडारण और परिवहन के विरुद्ध अपनी मुहिम को और तेज कर दिया है। कंट्रोलर देवेश चतुर्वेदी एवं डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल के कुशल नेतृत्व में आबकारी की टीमों ने 29-30 अक्टूबर को विभिन्न स्थानों पर बड़ी और सफल कार्रवाई को अंजाम दिया।**



इन प्रभावी कार्रवाइयों में आबकारी विभाग की टीमों ने पांच दोपहिया वाहनों का उपयोग करके अवैध रूप से मदिरा का परिवहन कर रहे 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इन आरोपियों के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1)क के तहत कुल 05 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं।

आशीष जैन की टीम के द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही में एक दोपहिया वाहन से अवैध परिवहन कर ले जाई जा रही विदेशी मदिरा व्हिस्की बरामद की गई। मदिरा वाहन सहित जप्त कर आरोपी सागर पिता राजेश के विरुद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)क का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। मदिरा व वाहन का कुल बाजार मूल्य लगभग 80000/- रुपए है। इस कार्यवाही में आबकारी आरक्षक मुकेश रावत, वीरेंद्र पटेल, विपुल खरे एवं नर्मदा अलावा का सराहनीय योगदान रहा।

वृत्त - पलासिया प्रभारी प्रियंका रानी चौरसिया की टीम के द्वारा कार्यवाही में एक दोपहिया वाहन से अवैध परिवहन कर ले जाई जा रही 100 पाव देशी प्लेन मदिरा बरामद की गई। मदिरा वाहन सहित जप्त कर आरोपी संदीप रैकवार पिता नरेश रैकवार के विरुद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)क का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। मदिरा व वाहन का कुल बाजार मूल्य लगभग 92500/- रुपए है। इस कार्यवाही में आबकारी आरक्षक तरुण सिंह जाट, परमजीत कौर, अजय चंद्रवाल का सराहनीय योगदान रहा।

इसी तरह वृत्त मालवा मिल ब-सुनील मालवीय की टीम के द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई। कार्यवाही में एक दोपहिया वाहन से अवैध परिवहन कर ले जाई जा रही 1 पेटी विदेशी मदिरा व्हिस्की लंदन प्राइड बरामद की गई। मदिरा वाहन सहित जब्त कर आरोपी युगल पिता कँवरलाल के विरुद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)क का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। एक अन्य कार्यवाही में एक दोपहिया वाहन से अवैध परिवहन कर ले जाई जा रही एक पेटी विदेशी मदिरा रम बरामद की गई। मदिरा वाहन सहित जप्त कर आरोपी सर्जन पिता उमराव के विरुद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)क का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। दोनों प्रकरणों में जप्त मदिरा व वाहन का कुल बाजार मूल्य लगभग 128000/- रुपए है। इस कार्यवाही में आबकारी आरक्षक विक्रम यादव, विजय सोलंकी अरविंद शर्मा, विपुल खरे का सराहनीय योगदान रहा।

सहायक जिला आबकारी अधिकारी वृत महू अ के गणपत सिंह धुध के नेतृत्व में आबकारी उप निरीक्षक कृतिका द्विवेदी की टीम के द्वारा एक दोपहिया वाहन बिना नंबर की हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल से अवैध परिवहन कर ले जाई जा रही 10 लीटर कच्ची हाथ भट्टी मदिरा बरामद की गई। मदिरा वाहन सहित जप्त कर आरोपी गोलू करोसिया पिता विनोद करोसिया के विरुद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)क का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। मदिरा व वाहन का कुल बाज़ार मूल्य लगभग 70000/- रुपए है। कार्यवाही में आबकारी आरक्षक रीना भिड़े का सराहनीय योगदान रहा।

### सगाई के बाद की आतिशबाजी

# 3 युवकों ने पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** चंदन नगर में सगाई कार्यक्रम के बाद आतिशबाजी करने को लेकर विवाद हो गया। इस दौरान पड़ोसियों ने परिवार को बुरी तरह से लोहे के पाइप और डंडों से पीटा। पुलिस ने मामले में आरोपियों पर FIR दर्ज की है। पुलिस ने चंदन नगर लोहा गेट निवासी निजामुद्दीन मंसूरी की शिकायत पर चंदन नगर सेक्टर एस निवासी मोहम्मद आजम, शरीफ पुत्र मोहम्मद असलम, मो. यासीर पुत्र मो. असलम पर FIR दर्ज की है।फरियादी निजामुद्दीन ने बताया कि सगाई का कार्यक्रम होने के बाद वह अपने ताऊ के बेटे जुल्फिकार मंसूरी के साथ अपने घर के सामने आतिशबाजी कर रहे थे। तभी मोहल्ले के ही मोहम्मद आजम, शरीफ और यासीर आ गए। उन्होंने आतिशबाजी बंद करने को कहा। हमने उनसे कहा कि सगाई का घर है, इसलिए खुशी में आतिशबाजी हो रही है। इसी बात को लेकर तीनों अपशब्द कहने लगे। शरीफ और यासीर ने जुल्फिकार को पकड़ लिया। मोहम्मद आजम ने अपने हाथ में लिए लोहे के पाइप से जुल्फिकार को जान से मारने की नीयत से सिर में मारा। जिससे जुल्फिकार को सिर और कान से खून निकलने लगा। वह बेहोश हो गया। मो. इमरान मंसूरी बीच-बचाव के लिए आया तो उसे भी आजम ने पाइप से सीने पर मारा। जिससे उसे चोट आई है। इसके बाद आरोपियों ने परिवार के सभी लोगों को अपशब्द कहना शुरू कर दिया। इस दौरान जो भी बचाव में आया उस पर डंडे और पाइप से हमला कर दिया। बाद में पुलिस को सूचना दी गई। आरोपी मौके से भाग निकले।

## आंगनबाड़ी केंद्र में 6 माह से बिजली नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** स्वच्छता के मामले में आठ बार देश में सिरमौर रहे इंदौर की एक हकीकत यह भी है। तलावली चांदा का आंगनबाड़ी केंद्र शर्मसार कर रहा है। आंगनबाड़ी केंद्र के मुख्य गेट पर बना टॉयलेट का गेट सड़क की ओर खुलता है। इतना ही नहीं, गेट इतना जर्जर हो गया है कि आर से पार देखा जा सकता है। इतने पर ही कभी भी गेट का आधा हिस्सा नीचे गिर जाता है। इस कारण महिलाएं जाने से कतराती हैं। दो साल से यह स्थिति है और देखने वाला कोई नहीं। यह वही क्षेत्र है, जहां 8 करोड़ की लागत से फूड एंड ड्रग लैब बना है और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पिछले दिनों जिसका लोकार्पण किया था। तलावली चांदा के आंगनबाड़ी केंद्र के टॉयलेट की यह स्थिति तब भी है, जब मुख्यमंत्री ने सभी कलेक्टर और कमिश्नर को स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र और छात्रावासों का निरीक्षण करने का जिम्मा सौंपा है।

# देवउठनी से हटेगा बीआरटीएस

## जीपीओ से शिवाजी प्रतिमा तक पहले हटाएंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर के बीआरटीएस को हटाने की कार्यवाही रविवार 2 नवंबर (देवउठनी ग्यारस) से शुरू होगी। इसके लिए नगर निगम को एजेंसी मिल गई है। शुरुआती दौर में जीपीओ से लेकर शिवाजी प्रतिमा के हिस्से को तोड़ा जाएगा। इसके बाद विजय नगर से तोड़ने का काम शुरू होगा। इसके बाद यहां संचालित हो रही बसें मिक्स ट्रैफिक में चलेंगी। इसके साथ ही इनके स्टैंड भी शिफ्ट होंगे।**



मेयर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि रैलिंग निकालने के बाद डिवाइडर का काम शुरू होगा और आखिरी में बस स्टैंड भी हटाए जाएंगे। पिछले साल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बीआरटीएस हटाने का आदेश दिया था। इस दौरान हाई कोर्ट में मामला लंबित था। फिर फरवरी 2025 में हाई कोर्ट ने बीआरटीएस हटाने को मंजूरी दी थी। इस बीच जीपीओ से कुछ हिस्सा हटाकर शुरूआत कर दी थी लेकिन कोई एजेंसी तय नहीं हो पा रही थी। अब इसका काम तेजी से चलेगा। 12 साल पहले 2013 में 300 करोड़ की लागत से बीआरटीएस बनाया गया था। इसमें 1.70 लाख लोग हर रोज सफर करते हैं। इंदौर के पुराने एबी रोड पर बने 11 किलोमीटर लंबे बीआरटीएस के आठ प्रमुख जंक्शनों पर अब ब्रिज की प्लानिंग है। विजय नगर से निरंजनपुर तक का तो काम भी काफी हो चुका है। 2013 से लग्जरी बसों के साथ बीआरटीएस कॉरिडोर की शुरुआत हुई थी और 11.47 किमी लंबा कॉरिडोर है। मेयर ने बताया कि बीआरटीएस हटने के बाद ट्रैफिक काफी सुगम होगा और लोगों को राहत मिलेगी।

## लौह पुरुष को याद किया



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** लौह पुरुष के नाम से विख्यात देश के प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी, राजनीतिज्ञ एवं असहयोग आंदोलन में भाग लेने के दौरान कई बार जेल जाने वाले आजाद भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री व पूर्व केन्द्रिय गृहमंत्री और देशी रियासतो का एकीकरण करने वाले कुशल प्रशासक सरदार वल्लभ भाई पटेल जी 150वीं जयंती (राष्ट्रीय एकता दिवस) पर उन्हें सामाजिक कार्यकर्ता व इंदौर प्रेस क्लब के सक्रिय सदस्य मुकेश भार्गव ने पुष्प माला अर्पित कर याद किया।

## आर्मी वॉर कॉलेज में मानव पुस्तकालय कार्यक्रम ने युवाओं को प्रेरित किया



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** आर्मी वॉर कॉलेज, महू के कॉम्बैट लाइब्रेरी में 31 अक्टूबर, शुक्रवार को एक प्रेरणादायक मानव पुस्तकालय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका संचालन सम्मानित प्रेरक लेफ्टिनेंट कर्नल पल्लवी शर्मा, मेजर मंजीत गिल, कीर्ति चक्र और लेफ्टिनेंट दिव्या धायल ने किया। श्रीमती वीना सिंह मुख्य अतिथि थीं।

आर्मी वॉर कॉलेज, एमसीटीई, इन्फैंट्री स्कूल और एपीएस स्कूल के परिवारों के 170 से अधिक बच्चों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया, जिसका उद्देश्य प्रेरक कहानियों और जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण के माध्यम से समझ कौशल को बढ़ाना और प्रेरित करना था। यह कार्यक्रम युवा दर्शकों के लिए एक यादगार अनुभव रहा क्योंकि प्रेरकों ने, अपनी अनूठी जीवन यात्रा के साथ, अपनी उपलब्धियों को साझा किया। हमारी पहली मानव लेफ्टिनेंट कर्नल पल्लवी शर्मा, अंतर्राष्ट्रीय स्तर की निशानेबाज और शास्त्रीय लोक नृत्यांगना, ने साहस और दृढ़ता की अपनी प्रेरक यात्रा से युवा दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। दूसरी मानव पुस्तक, मेजर मंजीत गिल, कीर्ति चक्र, एक पर्वतारोही और दो विदेशी आतंकवादियों को मार गिराने के लिए कीर्ति चक्र विजेता, ने अपनी बहादुरी और समर्पण की कहानियों से बच्चों को प्रेरित किया। तीसरी मानव पुस्तक, लेफ्टिनेंट दिव्या धायल, अंतर्राष्ट्रीय स्तर की तीरंदाज, धैर्य, लचीलेपन और दृढ़ संकल्प की hai मिसाल हैं। वह मात्र 15 वर्ष की आयु में राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियन बनीं और 2023 में सीडीएस ओटीए प्रवेश में प्रभावशाली अखिल भारतीय रैंक 2 हासिल की, अपने अनुभव साझा किए और बच्चों को भविष्य के प्रयासों के लिए प्रेरित किया।

## अहिल्याबाई होलकर के 300वें जन्मोत्सव पर विशेष आवरण एवं विरुपण का अनावरण किया गया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मां अहिल्याबाई होलकर सारे गुणों को समाहित करने वाली प्रतिमूर्ति है। ये विशेष आवरण अहिल्याबाई के लोक कल्याणकारी शासन, समाजसेवा के प्रति समर्पण एवं नारी सशक्तिकरण के लिए किये गये प्रयासों एवं उनकी विरासत को प्रदर्शित करता है। ये बातें इंदौर की पोस्ट मास्टर



जनरल, प्रीति अग्रवाल ने भारतीय डाक विभाग द्वारा अहिल्याबाई होलकर की 300 वें जन्मोत्सव के अवसर पर विशेष आवरण एवं विरुपण के अनावरण समारोह में कही। समारोह जीपीओ सभाग्रह में आयोजित किया गया।मुख्य अतिथि प्रख्यात फिलाटेलिस्ट एवं वरिष्ठ साहित्यकार डा. रवीन्द्र नारायण पहलवान ने अहम जानकारी देते हुए बताया कि देवी अहिल्याबाई होलकर ने महेश्वर पुणे डाक व्यवस्था शुरु की थी।

# मेडिकैप्स कॉलेज की बस ने बाइक सवार दोस्तों को कुचला

## कॉलेज बस पहिया सिर के ऊपर से गुजरा, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **इंदौर के एमजी रोड इलाके में एक कॉलेज बस ने शुक्रवार देर शाम अपने घर जा रहे बाइक सवार दो दोस्तों को टक्कर मार दी। बस का पहिया एक दोस्त के सिर के ऊपर से गुजर गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।**



सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। घायल को अस्पताल भेजा गया है। वहीं शव को मॉर्चुरी में रखवाया है। इधर, बस ड्राइवर को लोगों ने पकड़ लिया और जमकर पीटा। इसके बाद उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया। एमजी रोड पुलिस के मुताबिक, घटना राजकुमार ब्रिज के पास की है। यहां पर बाइक से प्रेम कुमार पिता रामकिशन मंडलोई, निवासी मूसाखेड़ी, अपने दोस्त देवीलाल के साथ बाइक से जा रहा था। तभी मेडिकैप्स स्कूल की तेज रफ्तार बस ने उन्हें चपेट में ले लिया। इस हादसे में देवीलाल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि प्रेम कुमार का पैर फ्रैक्चर हुआ है। परिवार के लोगों के मुताबिक, प्रेमकुमार और देवीलाल एक कंपनी में काम करते हैं। यहां प्रेमकुमार ट्रक ड्राइवर है, जबकि देवीलाल कंपनी में सुपरवाइजर था। देवीलाल मूल रूप से विदिशा का रहने वाला था। पुलिस ने टक्कर मारने वाली बस को जब्त कर लिया है। इसी कॉलेज की बस से दो महीने पहले बड़ा गणपति पर भी हादसा हुआ था। जिसमें एक छात्रा और एक अन्य निजी कंपनी में कार्यरत व्यक्ति की मौत हो गई थी। जबकि इस हादसे में एक अन्य छात्रा सहित ऑटो ड्राइवर और एक एक्टिवा सवार घायल हुए थे।

# मल्हारगंज इलाके में बेरिकेड्स तोड़ घुसा ट्रक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **एक बड़ा हादसा टल गया। दरअसल, मल्हारगंज इलाके में एक कंटेनर बेरिकेड्स तोड़ते हुए आगे बढ़ गया। गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुआ। ड्राइवर को पकड़ा गया तो वह शराब के नशे में मिला। पुलिस ने कंटेनर जब्त कर लिया है**



एसआई श्याम सिंह सोलंकी की शिकायत पर कंटेनर क्रमांक (MP09HG7908) के ड्राइवर दीपक पुत्र जगदीश सोलंकी, निवासी महू के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने और शराब पीकर ड्राइविंग करने के मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। श्याम सिंह ने बताया कि देर रात वे अपनी टीम के साथ चेकिंग कर रहे थे, तभी कंटेनर तेज रफ्तार में उनकी ओर आता दिखा। रोकने का प्रयास करने पर उसने स्टॉपर और बैरियर्स को टक्कर मार दी और जिंसी चौराहे की ओर बढ़ गया। वायरलेस के जरिए सूचना दी गई, जिसके बाद बीट जिंसी की टीम ने मशक्कत कर कंटेनर को रोका। शराब जांच में ड्राइवर के शरीर में 210.8 MG/100ML अल्कोहल पाई गई। बाद में कंटेनर को थाने लाया गया और आरोपी ड्राइवर पर कार्रवाई की गई। इससे पहले इंदौर एयरपोर्ट रोड पर नो-एंट्री जोन में घुसे एक ट्रक ने दिल दहला देने वाला हादसा किया था। ट्रक की टक्कर से चार लोगों की मौत हो गई थी, जबकि करीब 20 लोग घायल हुए थे। इस घटना के बाद कई अधिकारियों पर कार्रवाई भी की गई थी।

### सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर रन फॉर यूनिटी

# मंत्री सिलावट और भाजपा नेताओं ने किया प्रतिमा पर माल्यार्पण



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के मौके पर मंत्री तुलसी सिलावट ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उनके साथ भाजपा विधायक और नेता भी मौजूद थे। इसके बाद रन फॉर यूनिटी आयोजित की गई। इसमें सैकड़ों स्टूडेंट और शहरवासी शामिल हुए।**

मंत्री तुलसी सिलावट ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस आज केवल नाम की पार्टी रह गई है, उनके पास अब बूथ स्तर के कार्यकर्ता तक नहीं बचे हैं, सरदार पटेल की जयंती पर इंदौर में एकता और राष्ट्रभक्ति का संदेश देते हुए यह दौड़ एक बार फिर शहर की सामाजिक जागरूकता का प्रतीक बनी है। भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कहा कि देश की अखंडता और एकता के लिए हम सब अपने प्राण लगा देंगे। पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने कहा कि यह दौड़ देश की एकता-अखंडता और आंतरिक सुरक्षा को समर्पित है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से हम देशवासियों के बीच देशभक्ति की भावनाओं को प्रेरित करते हैं। भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने बताया कि रन फॉर यूनिटी नेहरु स्टेडियम से शुरू हुई। यह जीपीओ, संयोगितागंज, छावनी चौराहा, अर्जुन प्याऊ, सरदार पटेल प्रतिमा, मधुमिलन चौराहा, छत्रपति शिवाजी प्रतिमा, जीपीओ होते हुए पुनः नेहरू स्टेडियम पहुंची। इस दौड़ में भाजपा कार्यकर्ता, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, खेल संगठन, एनजीओ, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, शैक्षणिक संस्थान, स्कूल, कॉलेज सहित आम नागरिक शामिल हुए।

### कार्यक्रम में जा रहे रेलवे एसपी की कार को ट्रक ने टक्कर मारी



रन फॉर यूनिटी शामिल होने नेहरु स्टेडियम जा रहे रेलवे एसपी पदम विलोचन शुक्ल की कार को ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसा बायपास पर हुआ। हालांकि हादसे में किसी को चोट नहीं आई।

# राजा रघुवंशी केस में आएंगे ट्विस्ट : अब भाई की होगी गवाही, सोनम के लिए फांसी की मांग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। राजा रघुवंशी के केस में अब नए ट्विस्ट आ सकते हैं। हत्या के मामले सोनम समेत पांच आरोपियों पर आरोप तय हो गए हैं। वहीं, अब राजा के भाई विपिन रघुवंशी की गवाही होगी। 10 नवंबर से शिलांग कोर्ट में विपिन रघुवंशी की गवाही होगी।



दरअसल, शादी के बाद इंदौर के कारोबारी राजा रघुवंशी अपनी पत्नी सोनम रघुवंशी के साथ शिलांग हनीमून के लिए गए थे। इसी दौरान मई महीने में उनकी पत्नी सोनम ने अपने साथियों के साथ मिलकर राजा की हत्या कर दी। साथ ही मामले को नया मोड़ देने की कोशिश की। राजा की हत्या के बाद सोनम इंदौर रहने आ गई थी। बाद में वह यूपी में मिली थी। वहीं, मेघालय की स्थानीय कोर्ट द्वारा सोनम रघुवंशी और चार अन्य के खिलाफ आरोप तय किए जाने के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा कि मुझे न्याय मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि उन्हें यकीन है कि सोनम को या तो मौत की सजा या आजीवन कारावास दिया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि अदालत ने उन्हें 10 नवंबर को गवाह के तौर पर पेश होने के लिए समन भेजा है। इसके लिए वह मेघालय जाएंगे। मेघालय की ईस्ट खासी हिल्स जिला अदालत ने पांच लोगों पर आरोप तय किए हैं।

राजा की पत्नी सोनम रघुवंशी, उसके बॉयफ्रेंड राज कुशवाहा, और तीन अन्य – विशाल चौहान, आकाश राजपूत और आनंद कुर्मी है। इन पर बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) की धारा 103(1) (हत्या), 238(ए) (सबूतों का गायब करना) और 61(2) (आपराधिक षड्यंत्र) के तहत आरोप तय किए गए हैं। इस बीच, मेघालय पुलिस तीन अतिरिक्त व्यक्तियों के खिलाफ पूरक आरोपपत्र दाखिल करने की तैयारी कर रही है, जिन पर महत्वपूर्ण सबूतों को नष्ट करने या छिपाने का आरोप है। ईस्ट खासी हिल्स के एसपी विवेक सियेम ने कहा कि पूरक आरोपपत्र में सिलोम जेम्स, लोकेंद्र सिंह तोमर और बलबीर अहिरवार का नाम लिया जाएगा, जिन पर जांच से जुड़े महत्वपूर्ण सामग्री से कथित तौर पर छेड़छाड़ करने का आरोप है। सियेम ने कहा कि आगामी आरोपपत्र विस्तृत नहीं होगा,यह मुख्य रूप से सबूतों को नष्ट करने से संबंधित है। मुख्य आरोपपत्र पहले ही दाखिल किया जा चुका है। इससे पहले, पुलिस ने एक व्यापक 790 पन्नों का मुख्य आरोपपत्र दाखिल किया था, जिसकी प्रतियां 28 अक्टूबर को कानूनी सहायता रक्षा वकील को सौंप दी गई थीं।

### बात बंद होने से नाराज

# प्रेमी ने युवती के घर फेंके पत्थर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **चंदन नगर में एक छात्रा के घर पर पत्थर फेंकने और धमकाने के मामले में उसके बॉयफ्रेंड सहित तीन युवकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। घटना गुरुवार रात की है, जब आरोपी अपने दोस्तों के साथ घर के बाहर हंगामा कर रहे थे।**

चंदन नगर पुलिस के अनुसार, 20 वर्षीय छात्रा सेकेंड ईयर की पढ़ाई कर रही है। उसने बताया कि उसका बॉयफ्रेंड विशाल और उसके साथी अमित व किशन इस मामले में शामिल थे। विशाल उसी कॉलोनी में रहता है और दोनों पहले एक-दूसरे को जानते थे। छात्रा ने बताया कि दो साल से उसने विशाल से बात करना बंद कर दी थी। गुरुवार रात लगभग 12:30 बजे छात्रा के घर के बाहर चिल्लाने की आवाज सुनाई दी। छात्रा अपनी मां और बहन के साथ छत पर गईं, तब तीनों युवक अपशब्द बोलने लगे और घर के दरवाजे पर पत्थर फेंकने लगे। जब मां ने उन्हें जाने को कहा, तो युवक छत से नीचे आने की धमकी देने लगे। आसपास के लोगों के इकट्ठा होने पर आरोपी भाग गए। परिवार ने देर रात थाने पहुंचकर FIR दर्ज कराई। इधर, भंवरकुआ पुलिस ने एक युवती की शिकायत पर उसके मौसी के बेटे कृष्णा के खिलाफ छेड़छाड़ और शादी का दबाव बनाने को लेकर FIR दर्ज की है। युवती ने बताया कि एक साल पहले दोनों की मोबाइल पर बातचीत हुई थी, जिसमें कृष्णा ने प्रपोज किया और शादी की बात कही। युवती ने मना कर दिया। इसके बाद से कृष्णा लगातार कॉल कर परेशान कर रहा था। कुछ दिन पहले टॉवर चौराहा के पास उसने युवती का पीछा किया और धमकी दी कि अगर उसने विरोध किया तो उसकी फोटो वायरल कर देगा। युवती ने पिता को जानकारी दी। गुरुवार को पुलिस ने FIR दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## 70 साल का हुआ मध्यप्रदेश...

# डिजिटल सेवाओं के क्षेत्र में नई उड़ान भरेगा मध्यप्रदेश : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

● 'अभ्युदय मध्यप्रदेश' : स्थापना दिवस पर प्रदेशवासियों को मिलेंगी सौगातें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश के गौरवशाली 70वें स्थापना दिवस पर राज्य सरकार डिजिटल सेवाओं के क्षेत्र में भी नई उड़ान भरने जा रही है। नागरिकों और निवेशकों को सशक्त बनाने के लिए तीन नई डिजिटल पहल शुरू होंगी। इनमें 'MP ई-सेवा पोर्टल' के माध्यम से नागरिकों को एक ही मंच पर सभी सरकारी सेवाएँ सरल और पारदर्शी तरीके से उपलब्ध होंगी।

'Invest MP 3.0' पोर्टल निवेशकों के लिए एक उन्नत सिंगल विंडो सिस्टम के रूप में कार्य करेगा, जिससे निवेश की प्रक्रिया और अधिक सहज व समयबद्ध बनेगी। वहीं 'Wash on Wheels' मोबाइल ऐप युवाओं को स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ते हुए शहरी स्वच्छता सेवाओं में नई तकनीकी ऊर्जा जोड़ेगा।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश निवेश उपलब्धियों, औद्योगिक प्रगति और रोजगार सृजन के विजन पर अपने विचार साझा करेंगे। इस अवसर पर 'द टू-ईयर जर्नी' शीर्षक से एक विशेष ऑडियो-विजुअल का प्रदर्शन किया जायेगा जिसमें विगत दो वर्षों की राज्य की निवेश प्रोत्साहन यात्रा और उपलब्धियों का जीवंत चित्रण होगा। अभ्युदय मध्यप्रदेश का यह राज्य स्तरीय समारोह 1 नवम्बर 2025 को भोपाल के रवींद्र भवन में सुबह 11:30 बजे से होगा। यह केवल उत्सव नहीं बल्कि प्रदेश की सशक्त विकास यात्रा उपलब्धियों और आने वाले वर्षों के संकल्पों का प्रतीक बनेगा। कार्यक्रम में प्रदेश की हवाई कनेक्टिविटी को भी नई दिशा देने के लिए विमानन क्षेत्र की कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं की शुरुआत की जाएगी। इनमें उज्जैन हवाई अड्डे के विकास अनुबंध पर हस्ताक्षर, रीवा–नई दिल्ली और रीवा-इंदौर फ्लाइट के लिए अनुबंध तथा प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर पर्यटन हेलीकॉप्टर सेवा के अनुबंध शामिल हैं। इन पहलों से राज्य



के औद्योगिक, पर्यटन और क्षेत्रीय विकास को नई उड़ान मिलेगी। 'अभ्युदय मध्यप्रदेश' राज्य सरकार की नीति, दृष्टि और प्रतिबद्धता का ऐसा संगम होगा, जिसमें प्रदेश के विकास के साथ भविष्य की दिशा का स्पष्ट खाका प्रस्तुत किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत @2047' के विजन से प्रेरित होकर 'समृद्ध मध्यप्रदेश 2047' के संकल्प को नई गति दे रही है। यह आयोजन उसी दिशा में एक सार्थक पहल के रूप में देखा जा रहा है जो यह संदेश देगा कि मध्यप्रदेश दृढ़-संकल्प शक्ति के साथ लगातार बढ़ रहा है। समारोह में केंद्रीय मंत्रियों, नीति आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों और राज्य सरकार के उच्च पदाधिकारियों की उपस्थिति भी रहेगी। कार्यक्रम में विधि एवं न्याय मंत्रालय के राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापुर राममोहन नायडू, उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, नीति आयोग के उपाध्यक्ष डॉ. सुमन के. बेरी, मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप तथा अदानी ग्रुप के प्रबंध निदेशक प्रणव अदानी सहित आंध्रप्रदेश से आने वाले गणमान्य अतिथि और उद्योग प्रतिनिधि शामिल होंगे।

मुख्य सचिव अनुराग जैन राज्य की विकास यात्रा एवं भविष्य की रूपरेखा पर अपने विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम में 'समृद्ध मध्यप्रदेश @2047' दृष्टि-पत्र का विमोचन किया जाएगा जो प्रदेश के दीर्घकालिक विकास का रोडमैप प्रस्तुत करेगा। यह दस्तावेज़ एक ऐसे मध्यप्रदेश की परिकल्पना करता है जो नागरिकों के जीवन की सुगमता और गुणवत्ता पर केंद्रित, निवेश और रोजगार सृजन के अवसरों से सम्पन्न तथा परंपरा और आधुनिकता के संतुलन से सशक्त सांस्कृतिक राज्य के रूप में आगे बढ़े। 'अभ्युदय मध्यप्रदेश' स्थापना दिवस आत्मविश्वास, नवाचार और प्रगति की नई उड़ान का प्रतीक बनेगा। यह आयोजन उस भावना का उत्सव है जो कहती है, मध्यप्रदेश न केवल अपनी विरासत पर गर्व करता है, बल्कि भविष्य को और उज्ज्वल बनाने के लिए पूरी दृढ़ता से आगे बढ़ रहा है।

### विकास की नई गाथा लिख रहा देवी अहिल्या नारी सशक्तिकरण मिशन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि महिलाओं की उन्नति के बिना समग्र विकास की कल्पना अधूरी है। महिलाओं की कठिनाइयों को दूर करने के साथ उनके सामाजिक और आर्थिक स्तर में सुधार के प्रयास निरंतर जारी रहना बेहद जरूरी है। महिलाओं के स्वास्थ्य, उपचार, पोषण और कल्याण की दिशा में मध्यप्रदेश में विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की हर बेटी, हर महिला पूरे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़े, हर बहन सशक्त बने, यही हमारा लक्ष्य है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक उत्थान के साथ उनके सर्वांगीण विकास के लिए ठोस कदम उठा रही है। इसी दिशा में हमने देवी अहिल्या नारी सशक्तिकरण मिशन प्रारंभ किया है। यह मिशन प्रदेश की बहनों को हर स्तर पर नई ताकत और नये अवसर प्रदान कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महिलाओं के स्वास्थ्य सुधार के लिए भी हमारी सरकार ने विभिन्न प्रयास किए हैं। इनके स्वास्थ्य की नियमित देखभाल, सुरक्षा सहित कायिक शुचिता और स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए हमारी सरकार द्वारा 'सैनिटेशन एवं हाइजीन योजना' चलाई जा रही है। योजना के अंतर्गत छात्राओं को सेनेटरी पैड्स क्रय के लिए सहायता राशि सीधे इनके बैंक खातों में भेजी जा रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि अब तक प्रदेश की 20 लाख से अधिक बेटियों को 118 करोड़ रुपए से अधिक की सहायता राशि इनके खातों में हस्तांतरित की जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटियों के हित में ऐसा कदम उठाने वाला हमारा मध्यप्रदेश, देश का पहला राज्य है।

# अब कांग्रेस ने भी सरकार बनने पर मुस्लिम को डिप्टी सीएम बनाने का संकेत दिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। बिहार विधानसभा चुनाव के बीच एनडीए और महागठबंधन में उपमुख्यमंत्री बनाने को लेकर जहां नामों का ऐलान हो रहा है। वहीं अब मध्यप्रदेश में भी कांग्रेस ने सरकार बनने पर मुस्लिम को डिप्टी सीएम बनाने का संकेत दिया है।**

भोपाल में 'जश्न तहरीके आजादी याद करो उलमा की कुर्बानी' कार्यक्रम में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि समय और परिस्थिति बनीं तो आरिफ मसूद उपमुख्यमंत्री बन सकते हैं। जीतू पटवारी ने जिस कार्यक्रम में यह बात कही, उस दौरान मंच पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार भी मौजूद



थे। जीतू पटवारी ने जैसे ही यह बात कही, उस दौरान पर मंच पर बैठे विधायक आरिफ मसूद हाथ जोड़कर मुस्कुराते नजर आए। सामने बैठी जनता तालियां बजाती दिखी।

## मुख्य सचिव अनुराग जैन ने राष्ट्रीय एकता दिवस की दिलाई शपथ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्य सचिव अनुराग जैन ने मंत्रालय स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क में प्रातः 10 बजे राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई। इसके पूर्व सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। शपथ में सभी अधिकारियों-कर्मचारियों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने और अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प लिया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, के.सी. गुप्ता, संजय दुबे, संजय कुमार शुक्ल, शिवशेखर शुक्ला सहित मंत्रालय, विंध्याचल, सतपुड़ा भवन और पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ममता कुलकर्णी और लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी पर फर्जी भगवा चोला पहनने का आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। किन्नर अखाड़े के संस्थापक ऋषि अजय दास ने ममता कुलकर्णी और लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी पर फर्जी भगवा चोला पहनने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने लक्ष्मी त्रिपाठी को अखाड़े के पद से मुक्त करने की घोषणा भी की।**



अभिनेत्री ममता कुलकर्णी ने गोरखपुर में अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम को लेकर बयान दिया था, जिसमें उन्होंने कहा था उसने कोई बम ब्लास्ट नहीं किया, वह आतंकी नहीं है। गोरखपुर में दिए गए इस बयान के बाद हंगामा मच गया है। किन्नर जगद्गुरु हिमांगी सखी ने इस पर प्रतिक्रिया दी है। उनका कहना है कि ममता कुलकर्णी अपने आपको महामंडलेश्वर बोल रही हैं। ये लोग सनातन धर्म के साथ क्या खेल करने वाले हैं, कोई नहीं जानता। ये दाऊद इब्राहिम की भेजी हुई कठपुतली है। इनकी खुद भी आतंकवादी गतिविधियां होंगी। इसकी जांच होनी चाहिए। अब तक जांच क्यों नहीं बैठी ये मेरे समझ में नहीं आ रहा है। इस बयान पर उज्जैन के किन्नर अखाड़े के संस्थापक ऋषि अजय दास ने ममता कुलकर्णी और किन्नर अखाड़े की आचार्य रहीं लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी पर आरोप लगाते हुए कहा कि दोनों ने भगवा का नकली चोला पहना रखा है। इनका निष्कासन पहले ही हो चुका है, लेकिन अब इन पर कार्रवाई होनी चाहिए। ऋषि अजय दास ने पत्र जारी करते हुए कहा कि किन्नर अखाड़े का संस्थापक होने के नाते 2015-16 उज्जैन कुंभ में मेरे द्वारा नियुक्त आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी को आचार्य महामंडलेश्वर किन्नर अखाड़ा के पद से मुक्त करता हूं। शीघ्र इन्हें लिखित सूचना दे दी जाएगी, क्योंकि जिस धर्म प्रचार-प्रसार और धार्मिक कर्मकांड के साथ ही किन्नर समाज के उत्थान इत्यादि की आवश्यकता से उनकी नियुक्ति की गई थी, यह उस पद से सर्वदा भटक गए हैं। इन्होंने मेरी बिना सहमति के जूना अखाड़ा के साथ एक लिखित अनुबंध 2019 के प्रयागराज कुंभ में किया। वह 420 है। उन्होंने कहा कि किन्नर अखाड़े का रजिस्ट्रेशन मेरे नाम से हैं। जमीन भी मेरे नाम अलॉट हुई है। प्रयागराज हाईकोर्ट ने मुझे ही फाउंडर मानकर संबोधित किया है।

## नेता बोले- लड़की ने मेरा रेप करने की कोशिश की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रीवा, एजेंसी**। उस लड़की ने मेरा रेप करने की कोशिश की। पहले उसने साथियों से मेरे कपड़े उतारने को कहा। फिर देखते ही देखते उसने अपने सारे पकड़े उतारकर जमीन पर फेंक दिए। मेरे साथ गंदी हरकतें की। यह सब इतनी जल्दी हुआ कि मैं सोच ही नहीं पा रहा था कि आखिरकार मेरे साथ यह सब हो क्या रहा है। यह कहना है रीवा के 45 साल के भाजपा नेता और पूर्व जनपद सदस्य दिवाकर द्विवेदी का। दो दिन पहले एक वीडियो सामने आया था, जिसमें एक युवती ने भाजपा नेता पर गलत काम करने के आरोप लगाए थे। वहीं, भाजपा नेता ने इसे हनी ट्रैप बताया है। वे इसे राजनीति से प्रेरित बता रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस विधायक अभय मिश्रा का नाम लेकर उन पर आरोप लगाया। पुलिस ने इस मामले में एक युवती समेत 8 लोगों पर अलग-अलग धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

## कैलाश मकवाना अब दिसंबर 2026 तक रहेंगे डीजीपी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश के डीजीपी कैलाश मकवाना अब एक दिसंबर 2026 को रिटायर होंगे। सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के आधार पर गृह विभाग ने इसके आदेश जारी कर दिए हैं। मकवाना का रिटायरमेंट 1 दिसंबर 2025 को है, लेकिन डीजीपी पद के लिए अवधि के चलते अब उनको एक साल का सेवाकाल अतिरिक्त मिल जाएगा। गृह विभाग के अपर सचिव आशीष भार्गव ने इसके आदेश जारी करते हुए कहा है कि मध्यप्रदेश में 60 साल की उम्र पूरा करने वाले 17 आईपीएस इस साल रिटायर होने हैं, जिसमें डीजीपी कैलाश मकवाना का नाम 16वें स्थान पर है। आदेश में कहा गया है कि सर्वोच्च न्यायालय में दायर याचिका सिविल क्रमांक 310/ 1996 में दिए गए आदेश के आधार पर कैलाश मकवाना 1 दिसंबर 2024 से डीजीपी पदस्थ किए गए हैं। इसके आदेश 23 नवंबर 2024 को जारी किए गए थे। चूंकि सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुसार डीजीपी का कार्यकाल 2 साल का होता है। इसलिए डीजीपी कैलाश मकवाना का 1 दिसंबर 2025 को होने वाला रिटायरमेंट खत्म किया गया है।

## संपादकीय

# भारत ने बनाया दुनिया का सबसे ऊंचा एयरबेस

भारत अपनी वायु शक्ति को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहा है। पूर्वी लद्दाख में चांगथांग न्योमा (मुध) एयरबेस, जो 13,700 फीट की ऊंचाई पर दुनिया का सबसे ऊंचा एयरबेस है। यह एयरबेस अब पूरी तरह से चालू हो गया है, जिससे भारत की हिमालयी सीमा मजबूत हो गई है! भारत माता की जय!...सोशल मीडिया पर ऐसे दावे किए जा रहे हैं। मीडिया रिपोर्टों में यह दावा सही बताया जा रहा है और यह बेस 31 अक्टूबर से चालू हो गया है। अब डरने की बारी चीन की है, जिसके इरादों में खोट है। इस बेस के सिंधु नदी के पास होने की वजह से पाकिस्तान में भी इसे लेकर खौफ है। पूरा मामला समझते हैं। सिंधु नदी घाटी के पास पूर्वी लद्दाख के चांगथांग क्षेत्र में स्थित न्योमा एडवांस्ड लैंडिंग ग्राउंड (ALG) 13,700 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। जो इसे लड़ाकू विमानों के लिए दुनिया का सबसे ऊंचा परिचालन एयरबेस बनाता है। मैप पर इसे लेह शहर से लगभग 160 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में चीन के साथ लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC) के पास, पैंगोंग त्सो झील के दक्षिण में और काराकोरम पर्वत श्रृंखला के पूर्व में देखा जा सकता है। यह भारत के उच्च-ऊंचाई वाले हवाई अभियानों को मजबूत करता है, जिससे सीमा पर तनाव के बीच तेज उड़ानें संभव होती हैं। ट्रिब्यून इंडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार, हालांकि रक्षा मंत्रालय या भारतीय वायुसेना की ओर से न्योमा में कामकाज के बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, जिनके इसी महीने पूरा होने की उम्मीद थी। मगर, सोशल मीडिया पर इस बेस को लड़ाकू अभियानों के लिए चालू किए जाने की खबरें चर्चा में हैं और इस बेस से SU-30 विमानों के संचालन की कुछ तस्वीरें भी वायरल हो रही हैं। इस बारे में ग्रोक से पूछे जाने पर उसने भी इस बेस के चालू होने की बात कही है। ग्रोक के मुताबिक, हालिया रिपोर्ट्स इस बात की पुष्टि करती हैं कि पूर्वी लद्दाख में चांगथांग न्योमा (मुध) एयरबेस अब अक्टूबर 2025 तक पूरी तरह से चालू हो जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार, इस एयरफ़ील्ड का निर्माण पहली बार 1962 में हुआ था और 2009 में भारतीय वायुसेना द्वारा परिवहन विमानों के संचालन के लिए फिर से एक्टिव किए जाने तक इसका उपयोग नहीं हुआ था। उसी वर्ष सितंबर में चंडीगढ़ से उड़ान भरने वाले नंबर 48 स्क्वाड्रन के एक AN-32 सामरिक ट्रांसपोर्टर द्वारा एक परीक्षण लैंडिंग की गई थी। न्योमा के उपयोग ने इस दुर्गम क्षेत्र में सेना की रसद सहायता को बढ़ावा दिया। हेलीकॉप्टरों के अलावा, AN-32 और C-130 सुपर हरक्यूलिस नियमित रूप से सैनिकों को लाने-ले जाने और आपूर्ति एवं उपकरण लाने के लिए न्योमा से उड़ान भरते रहे हैं। नौवहन और सहायता सुविधाएँ अभी भी अल्पविकसित हैं। 2020 में गलवान घाटी में चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के साथ संघर्ष के बाद वास्तविक नियंत्रण रेखा पर गतिरोध पैदा हो गया, जिसके बाद केंद्र सरकार ने इस हवाई पट्टी को एक पूर्ण विकसित एयरबेस में बदलने का फैसला किया। इस परियोजना की शुरुआत 2021 में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के प्रोजेक्ट हिमांक द्वारा लगभग 220 करोड़ रुपये की लागत से की गई थी। इस परियोजना में 3 किलोमीटर लंबा पक्का रनवे, हवाई यातायात नियंत्रण परिसर, सुरक्षा के लिए हैंगर और ब्लास्ट पेन और अन्य प्रशासनिक एवं सहायक बुनियादी ढांचे शामिल हैं। इससे अमेरिकी सी-17 और रूसी आईएल-76 जैसे रणनीतिक एयरलिफ्टर विमानों द्वारा नियमित संचालन भी संभव होगा, जिससे सैनिकों के साथ-साथ टैंक, रॉकेट, वायु रक्षा प्रणाली और तोपखाने जैसे भारी उपकरणों को तेजी से तैनात किया जा सकेगा।

# भूतिया कुर्सी



सालों पहले रामनगर गांव के पास के घने जंगल में राजू नामक तांत्रिक रहता था। उसे अपनी विद्या और ज्ञान पर खूब घमंड था। उसका कहना था कि वो चाहे तो सभी को अपने काबू में कर सकता है। साथ ही तंत्र विद्या की मदद से किसी को जान से मारने की कला भी उसे खूब आती थी।

उसी दौरान रामनगर गांव के युवा एक-एक करके गायब हो रहे थे। कुछ समय बाद ग्रामीणों को समझ आया कि सभी जवान लोगों को तांत्रिक अपनी विद्या से काबू करके खत्म कर रहा है। इस बात से परेशान होकर सभी ग्रामीणों ने चर्चा की और यह फैसला लिया कि वो सब मिलकर तांत्रिक को मार देंगे।

अपनी इस योजना को अंजाम देने के लिए एक दिन सभी ग्रामीण मिलकर तांत्रिक के घर पहुंच गए। उस समय तांत्रिक किसी पूजा में बैठा हुआ था। इसे अच्छा मौका समझते हुए सभी ने उसे एक कुर्सी से बांध दिया और उसपर आग लगाकर वहां से चले आए। ग्रामीणों के मन में हुआ कि तांत्रिक उसी आग की लपटों में झुलस जाएगा और उससे उनका पीछा छूटेगा। हुआ भी ऐसा ही। करीब चार से पांच साल तक सभी लोग अपने गांव में हंसी-खुशी रहने लगे।

अचानक एक दिन चार लड़के अपने शहर से घूमने के लिए कहीं जा रहे थे। तभी बीच में रामनगर गांव पड़ा। रात बहुत हो चुकी थी, तो उन्हें लगा कि थोड़ा वक्त यही गुजार लिया जाए।

चारों लड़के रामनगर के जंगल में ही रूक गए। उन्हें जंगल में कुछ घूमने का मन हुआ तो वो आगे बढ़ने लगे और बढ़ते-बढ़ते तांत्रिक जहां रहता था वहां पहुंच गए। पूरे घर में मकड़ी के जाल लगे हुए थे। तभी एक लड़के को आधी जली हुई कुर्सी नजर आई और वो बिना कुछ सोचे-समझे उसपर बैठ गया। बैठते ही उसके अंदर तांत्रिक की आत्मा घुस गई। अब लड़का जोर-जोर से चिल्लाकर कहने लगा कि अब मैं सबसे बदला लूंगा। पूरे गांव में आग लगाकर सबको जला दूंगा।

अपने दोस्त को इस तरह का बर्ताव करते देख अन्य तीन लड़के डर गए और वहां से गांव की तरफ बढ़ने लगे। सुबह होते ही उन्होंने सरपंच से मुलाकात की और सारा किस्सा सुना लिया। सबसे पहले तो सरपंच ने उन तीनों लड़कों पर खूब गुस्सा किया। उन्होंने पूछा कि तुम लोगों को किसने कहा था वहां जाने के लिए?

सरपंच को गुस्सा करते देख लड़कों ने कहा कि आप हमें माफ कर दीजिए, लेकिन हमें अपने दोस्त को बचाना है। कुछ तरकीब बताइए।


थोड़ी देर सोचने के बाद सरपंच ने कहा, “अगर वो लड़का कुर्सी से उठता है और खुद को आग लगा लेता है, तो शायद तांत्रिक की आत्मा उसे छोड़ दे। सरपंच ने ये बात कही ही थी कि जिस लड़के पर तांत्रिक का भूत घुसा था वो कुर्सी के साथ उड़ता हुआ गांव पहुंच गया।

अपने दोस्त को इस हालत में देख उन तीनों लड़कों ने सबसे पहले जाकर उन लोगों से मुलाकात की, जिन्होंने तांत्रिक की कुर्सी पर आग लगाई थी। उनसे बात करके सभी लड़के उन्हें अपने दोस्त के पास लेकर चले गए। जैसे ही उनके दोस्त के अंदर बैठे तांत्रिक ने कुर्सी पर आग लगाने वालों को अपने सामने देखा, उसे बहुत गुस्सा आया। गुस्से में तांत्रिक कुर्सी से उठा और उन लोगों पर हमला करने लगा।

तभी उन तीनों लड़कों ने तांत्रिक की उस कुर्सी पर आग लगा दी। कुर्सी पर आग लगते ही तांत्रिक उनके दोस्त के शरीर को छोड़कर चला गया।

### कहानी से सीख

जीवन में हर काम सोच-समझकर करना चाहिए। साथ ही दूसरों की सलाह पर अच्छे से काम किया जाए, तो समस्या से मुक्ति मिल सकती है।



## रंग भरो

Rajasthan

# कोटा में दर्दनाक हादसा, स्कूल वैन और बोलेरो की भिड़ंत, दो छात्राओं की मौत, छह घायल

**कोटा, (एजेंसी)** राजस्थान के कोटा से बड़ी खबर सामने आई है। एक स्कूल वैन का टायर फट गया और वह सामने से आ रही बोलेरो गाड़ी से टकरा गई। हादसे में दो स्कूली बच्चियों की मौत हो गई, जबकि छह बच्चे घायल हुए हैं। वैन चालक भी घायल है। हादसा कोटा जिले के इटावा कस्बे का है, जहां घायल बच्चों का प्राथमिक उपचार करने के बाद उन्हें इलाज के लिए कोटा जिला मुख्यालय रेफर किया गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गैंता गांव से बच्चे लेकर ईको स्कूल वैन इटावा आ रही थी। इसी दौरान उसका टायर फट गया। वैन लहराती हुई अनबैलेंस होकर सामने



से आ रही बोलेरो गाड़ी से टकरा गई। टक्कर के बाद दोनों गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं। स्कूल वैन में सवार बच्चे सड़क किनारे झाड़ियों में जा गिरे। राहगीरों ने झाड़ियों में फंसे बच्चों को बाहर निकाला। मौके पर चीख-पुकार मच गई। दो गंभीर रूप से घायल बच्चियों की इलाज के दौरान मौत हो गई। निजी स्कूलों की वैन और बोलेरो गाड़ी के बीच यह टक्कर हुई है। जिन परिवारों ने अपनी दो बेटियों को खोया है, उनमें कोहराम मच गया है। घायल बच्चों के परिजन भी बेहद चिंतित हैं। हादसे में गर्ल स्टूडेंट्स पारुल आर्य और तनु नागर की मौत हुई है। ग्रीन कॉरिडोर बनाते हुए घायल सागर, भूमित, प्राची, राखी, रोनित, विहान और परवेज (वैन चालक) को इलाज के लिए कोटा रेफर किया गया है।

New Delhi

## दिन ठंडे और रातें गर्म, नवंबर में सामान्य से अधिक होगी बारिश



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने नवंबर महीने के लिए अपना मौसमी पूर्वानुमान जारी कर दिया है। विभाग के अनुसार, देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से ज्यादा वर्षा होने की संभावना है, जबकि दिन के तापमान में कमी आएगी और रातें अपेक्षाकृत गर्म रहेंगी। यह पूर्वानुमान ला नीना प्रभाव, उत्तर-पश्चिमी हवाओं और समुद्री स्थितियों पर आधारित है, जो सर्दियों की शुरुआत में मौसम को प्रभावित करेगा। IMD) ने अनुमान जताया है कि तमिलनाडु, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और अरुणाचल प्रदेश के कुछ भागों में बारिश सामान्य से कम रहने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक, नवंबर में जारी रहने वाली वर्षा गतिविधियों के कारण दिन का तापमान सामान्य से नीचे रहेगा, जिससे दिन के समय मौसम ठंडा महसूस होगा। लेकिन बादल छाए रहने और आसमान में ओवरकास्ट स्थितियों के कारण रात का तापमान सामान्य से अधिक रह सकता है, जिससे नवंबर की रातें अपेक्षाकृत गर्म रहेंगी। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, मौसम विभाग ने बताया कि सर्दियों के महीनों में दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में उत्तर-पूर्व मॉनसून के दौरान सामान्य वर्षा की संभावना है। यह मॉनसून तमिलनाडु के लिए मुख्य वर्षा ऋतु माना जाता है। IMD ने कहा कि तमिलनाडु, कराईकल, पुडुचेरी, तटीय आंध्र प्रदेश, यानम, रायलसीमा, केरल, माहे और दक्षिण आंतरिक कर्नाटक में नवंबर माह में सामान्य वर्षा होने की उम्मीद है, जो लंबी अवधि के औसत के 77 से 123 प्रतिशत के बीच रह सकती है।

Jharkhand

## झारखंड के युवक की सऊदी अरब में मौत, पुलिस और स्मगलरों के बीच क्रॉस फायरिंग में गई जान

**रांची, (एजेंसी)** गिरिडीह जिले के डुमरी प्रखंड के मधगोपाली पंचायत के दुधपनिया निवासी प्रवासी मजदूर विजय कुमार महतो की सऊदी अरब में मौत हो गई. मामले को गंभीरता से लेते हुए विधायक जयराम कुमार महतो ने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर भारतीय दूतावास, झारखंड के राज्यपाल, औए गिरीडीह के डीसी को पत्र लिखा है. बताया जाता है कि मृतक विजय कुमार महतो हुंडई इंजीनियरिंग एंड कंस्ट्रक्शन कंपनी में कार्यरत थे.

कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी के निर्देश पर कार्यस्थल पर विजय कुछ सामग्री एकत्र करने गए थे, तभी वहां स्थानीय पुलिस स्मगलरों को पकड़ने के लिए गोलीबारी कर रही थी. ऐसे में मौके से गुजर रहे विजय कुमार महतो को गलती से पुलिस की गोली लग गई. जिसके बाद उन्हें घायल अवस्था में अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान 24 अक्टूबर को उनकी मौत हो गई. मृतक ने अपनी पत्नी को आखिरी बार भेजे गए वॉइस नोट में बताया था कि पुलिस किसी और पर गोली चला रही थी, लेकिन गोली गलती से मुझे लग गई.

Maharashtra

## 'मुझे प्रेग्नेंट करो', विज्ञापन देख झांसे में आया बिजनेसमैन और गंवा दिए 11 लाख रुपये

**पुणे, (एजेंसी)** महाराष्ट्र के पुणे जिले में एक कॉन्ट्रैक्टर 'प्रेग्नेंट जॉब' नामक साइबर ठगी का शिकार हो गया. ठगों ने उसे एक ऑनलाइन विज्ञापन के जरिए झांसा दिया, जिसमें लिखा था 'एक पुरुष की तलाश है जो मुझे प्रेग्नेंट कर सके. विज्ञापन देखकर कॉन्ट्रैक्टर ने संपर्क किया और इसी के बाद उसके साथ 11 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी हो गई.

शिकायत के मुताबिक, आरोपी ने खुद को महिला बताकर पहले वीडियो भेजा और फिर रजिस्ट्रेशन, मेंबरशिप, गोपनीयता और प्रोसेसिंग चार्ज के नाम पर ठगी शुरू कर दी. धीरे-धीरे पीड़ित से अलग-अलग खातों में कुल 11 लाख ऑनलाइन ट्रांसफर करवाए गए. पुलिस इंस्पेक्टर चंद्रशेखर सावंत ने बताया कि यह मामला एक बड़े साइबर नेटवर्क से जुड़ा है, जिसे 'प्रेग्नेंट जॉब' या



'प्लेबॉय सर्विस' रैकेट कहा जाता है. यह गिरोह 2022 से देशभर में सक्रिय है और खासतौर पर बेरोजगार या आर्थिक रूप से कमजोर युवाओं को निशाना बनाता है. यह गैंग फेसबुक, व्हाट्सएप और टेलीग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए लोगों को ऐसे ऑफर देता है जिसमें कहा जाता है कि 'बांझ महिलाओं को गर्भवती बनाकर वो 5 से 25 लाख तक कमा सकते हैं.

खेल

# नौ भारतीय खिलाड़ी नहीं पार कर पाए दहाई का आंकड़ा ऑस्ट्रेलिया ने 40 गेंद शेष रहते जीता दूसरा टी20

**मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे टी20 में भारत को चार विकेट से हरा दिया है। जीत के लिए मिले 126 रन के लक्ष्य को ऑस्ट्रेलिया ने 13.2 ओवर में छह विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। इस जीत के साथ कंगारुओं ने पांच मैचों की टी20 सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। पहला टी20 बारिश के कारण रद्द हो गया था। अब तीसरा टी20 दो नवंबर को खेला जाएगा।**

यह गेंद शेष रहने के मामले में टी20 में भारत की दूसरी सबसे बड़ी हार है। ऑस्ट्रेलिया ने 40 गेंद शेष रहते भारत को हराया। पहले नंबर पर भी ऑस्ट्रेलिया ही है। उसने 2008 में भारत को 52 गेंद शेष रहते हराया था।

भारत की ओर से अभिषेक शर्मा ने 37 गेंद में आठ चौके और दो छक्कों की मदद से 68 रन की पारी खेली। वहीं, हर्षित राणा ने 33 गेंद में तीन चौके




और एक छक्के की मदद से 35 रन बनाए। इसके अलावा कोई बल्लेबाज दहाई का आंकड़ नहीं छू सका। बाकी के नौ खिलाड़ियों में से चार खिलाड़ी तो खाता भी नहीं खोल सके। इनमें तिलक वर्मा, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती और जसप्रीत बुमराह शामिल हैं। शुभमन गिल पांच रन, संजू सैमसन दो रन और कप्तान सूर्यकुमार एक रन बना सके। इसके अलावा अक्षर पटेल सात रन और शिवम दुबे चार रन बनाकर आउट हुए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से जोश हेजलवुड ने तीन विकेट लिए। वहीं, जेवियर बार्टलेट और नाथन एलिस को दो-दो विकेट मिले। स्टोइनिस ने एक विकेट लिया।

126 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम को कप्तान मिचेल मार्श और ट्रेविस हेड ने तूफानी शुरुआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 51 रन जोड़े। इस साझेदारी को वरुण चक्रवर्ती ने तोड़ा। उन्होंने हेड को आउट किया। हेड ने 15 गेंद में तीन चौके और एक छक्के की मदद से 28 रन की पारी खेली। वहीं, मार्श अर्धशतक से चूक गए। वह 26 गेंद में दो चौके और चार छक्कों की मदद से 46 रन बनाकर आउट हुए। जोश इंग्लिस ने 20 रन बनाए। वहीं, टिम डेविड एक रन बना सके।

इसके बाद बुमराह का जलवा देखने को मिला। ऑस्ट्रेलियाई पारी के 13वें ओवर में बुमराह हैट्रिक से चूक गए। उन्होंने ओवर की चौथी गेंद पर मिचेल ओवेन को विकेटकीपर सैमसन के हाथों कैच कराया। वह 14 रन बना सके। इसके बाद पांचवीं गेंद पर मैथ्यू शॉर्ट को बेहतरीन यॉर्कर पर क्लीन बोल्ड किया। शॉर्ट खाता नहीं खोल सके। हालांकि, स्टोइनिस ने नाबाद छह रन की पारी खेल ऑस्ट्रेलिया को जीत दिलाई। भारत की ओर से बुमराह के अलावा वरुण और कुलदीप ने दो-दो विकेट लिए।

सिनेमा

## ऐश्वर्या राय ने ठुकराई ये बड़ी फिल्में, सब हुईं सुपरहिट, बदली एक्ट्रेस की किस्मत



पूर्व मिस वर्ल्ड और एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय बच्चन 1 नवंबर को अपना 52वां बर्थडे सेलिब्रेट कर रही हैं. ऐश्वर्या को सुंदरता और प्रतिभा की मिसाल भी माना जाता है. उनकी खूबसूरती और टैलेंट के बारे में जितना लिखा जाए, उतना ही कम लगता है. अपने फिल्मी करियर में उन्होंने बहुत सारी शानदार फिल्मों में काम किया और दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ी. हालांकि, इस दौरान उन्होंने कुछ बेहतरीन फिल्मों को रिजेक्ट भी किया, जो बाद में सुपरहिट साबित हुईं. आइए जानते हैं कि ऐश्वर्या ने किन सुपरहिट फिल्मों को ना कहा.

**बाजीराव मस्तानी-** संजय लीला भंसाली ने ऐश्वर्या राय को सलमान खान के साथ मस्तानी और बाजीराव के मुख्य भूमिकाओं के लिए कास्ट करने की योजना बनाई थी. लेकिन, बदलती कास्टिंग योजनाओं और व्यक्तिगत हालात के कारण, ऐश्वर्या इस प्रोजेक्ट का हिस्सा नहीं बनीं. आखिरकार फिल्म दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह के साथ बनी और उसने खूब तारीफें बटोरीं.

**भूल भुलैया-** ऐश्वर्या राय को भूल भुलैया (2007) में के लिए अप्रोच किया गया था, जो एक मनोवैज्ञानिक हॉरर-कॉमेडी फिल्म है. पर एक्ट्रेस इस फिल्म का हिस्सा नहीं बनीं. इसके बाद फिल्म विद्या बालन की झोली में आई और उनके करियर की हिट फिल्मों में से एक बन गई.

**वीर जारा-** बॉलीवुड क्वीन ऐश्वर्या को वीर-जारा (2004) में जारा हयात खान की भूमिका का ऑफर मिला था, जो यश चोपड़ा द्वारा निर्देशित एक प्रेम कहानी है. बाद में ये भूमिका प्रीति जिंटा को मिली, जिन्होंने अपने अभिनय से सबका दिल जीत लिया. फिल्म बहुत बड़ा हिट रही.

## Highlights

1. **47-year-old mother of 4 cracks NEET on first attempt in Kerala**
2. **Chief secretaries must appear physically: SC in stray dogs case**
3. **Journalist chased at midnight while returning from office in Noida, her car's window broken**
4. **Air-gun, petrol, lighter found at Mumbai studio where man held kids hostage**
5. **Infant dies after consuming Ayurvedic syrup in MP, claims family**

# Unacademy CEO reveals how Deepinder Goyal went from 'kyon milna hai yaar' to his mentor, Zomato boss reacts

**NEW DElHI, (Agency).** Unacademy CEO Gaurav Munjal, in a recent tweet, opened up about "life-changing" advice he received from Zomato co-founder Deepinder Goyal. Talking about his "mentor," Munjal recalled how once Goyal refused to meet him.

"In 2015, as a 25 year old kid who had just started Unacademy. I sent an email to @deepigoyal. He replied back by saying 'Kyon milna hai yaar. Dhandha banao'."

Also Read: 'That podcast guy' makes cameo in woman's pic from Mumbai cafe, post goes viral

Undeterred, Munjal continued emailing Goyal's office until he secured a 15-minute meeting. "I didn't give up. I kept mailing him every week. And finally he did agree for a 15m Meeting (after months of chasing him). He was in a bad mood that day, so he met me just for 10m but gave me an advice that stayed with me."

Goyal told Munjal, "Just grow 1% every day. Everything else is secondary."






"But then over the years, I met him many times and was lucky to have him as a Mentor." Munjal also discussed Unseen, a book on Goyal.

"I urge everyone to read this Book. The stories that I heard from Deepinder, and the advice I got over the years, changed my Life. Time for the same stories, to change yours," Unacademy CEO added.

Deepinder Goyal reacts:

Taking to the comments section of Munjal's post, the Zomato boss dropped a heart emoticon.

How did social media react?

An individual posted, "Grow 1% every day — sounds small, compounds big. Impressive." Another added, "Persistence for the win." A third commented, "Inspiration crosses inspiration." A fourth wrote, "Goyal is one of the few young-age entrepreneurs who deserves much more respect and recognition. Nothing but respect for him."

However, not everyone was impressed with Munjal's story. An individual criticised, "If I were in your place, I wouldn't meet any guy who shows me attitude for no reason. I don't care who you are, but if you give me your time I will make sure it will be productive."

# Nidec Shares and Bonds Slide on Removal From Japan Equity Gauges

**NEW DElHI, (Agency).** Nidec Corp. shares and bonds tumbled in Tokyo trading after the stock was earmarked for removal from the benchmark Nikkei 225 Stock Average and the Topix Index and placed under exchange watch.


The shares of the manufacturer of precision motors plunged by their daily limit of 19% to the lowest level since April on Tuesday. Meanwhile, the credit spreads on some of its corporate bonds widened significantly.

The Tokyo Stock Exchange said Monday that Nidec had been designated a "security on special alert" and placed under its oversight. The same day, Nikkei Inc. announced that it will be removing the stock from its namesake index beginning Nov. 5, replacing it with electronics components maker Ibiden Co.. Ibiden shares jumped as much as 21% to an intraday record high.




The crisis at the Kyoto-based Nidec started last month after it announced evidence that senior executives may have been involved in a number of accounting issues at subsidiaries. A third-party panel was then appointed to look for more suspected instances of improper accounting.

"The shares will in our view continue to find upside hard to come by until the announcement of the results of the third-party committee's investigation," Takayuki Naito, an analyst at Citigroup Inc., said in a note. Nidec will also be taken off the Topix index on Nov. 4, according to bourse rules.




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक